तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि

रोहतक, गुरुवार, 13 मार्च 2025

10 बाबा श्याम की निशान यात्रा धूमधाम से निकली



10 जैविक खेती के आधुनिक गुर सिखाए



## खबर संक्षेप

### चोरों ने घर से नकदी और आभूषण उड़ाए

जींद। गांव सुदकैन कलां में एक मकान से चोरों ने डेढ़ लाख की नकदी और तीन तोला सोना के जेवर चुरा लिए। चोरी की घटना उस समय घटी जब परिवार शादी में गया था। नरवाना सदर थाना पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। सतपाल ने शिकायत में कहा कि वह परिवार के साथ्‌ र भाई की लड़की की शादी के सिलसिले में नरवाना गया था।

### 30 ग्राम हेरोइन सहित नशा तस्कर गिरफ्तार

कैथल। सीआईए-1 पुलिस द्वारा थाना शहर गुहला क्षेत्र से एक नशा तस्कर को 30 ग्राम हेरोइन सहित काबू कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि सीआईए-1 प्रभारी एसआई पारस की अगुवाई में एएसआई संजय सिंह की टीम शाम के समय गश्त दौरान चीका रोड़ चीका के पास मौजूद थी। जहां पुलिस को सहयोगी सुत्रों से गुप्त जानकारी मिली थी।

### रामनगर में घर से लाखों के जेवर उड़ाए

जींद। गांव रामनगर में एक घर से चोरों ने लाखों रुपये के जेवर चुरा लिए। सफीदों सदर थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज किया है। दिल्ली में बाउंसर का काम करने वाले जितेंद्र ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह परिवार के साथ 10 फरवरी को गया था। एक माह बाद जब वह गांव आया तो देखा कि बाहर का दरवाजा ठीक तरीके से बंद था।

### वाहन चोरी से आरोपी से दो चोरीशुदा गाड़ी बरामद

कैथल। वाहन चोरों पर एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार कार्रवाई करते सीआईए-1 पुलिस ने गाड़ी चोरी मामले में एक आरोपी को काबू किया है। जिसके कब्जे से 2 चोरीशुदा गाड़ियां बरामद हुई है। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि रामगढ़ पांडवा निवासी सुमित की शिकायत अनुसार 3 मार्च को क्रूजर गाड़ी में भातियों को लेकर स्प्रिंग फील्ड होटल कैथल में पहुंचा था।

### तेइस वर्षीय लड़की घर से लापता, मामला दर्ज

जींद। गांव घोघड़िया से एक 23 वर्षीय लड़की घर से लापता हो गई है। लड़की के पिता ने पुलिस को दी शिकायत में कहा है कि उसकी बेटी 10 मार्च को सुबह नौ बजे कॉलेज जाने की बात कह कर गई थी लेकिन घर वापस नहीं आई। जब उसने अपनी बेटी का फोन मिलाया तो वह भी बंद आ रहा था। पुलिस ने लड़की की गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### धोखाधड़ी का आरोपी चार दिन के रिमांड पर भेजा

कैथल। विदेश भेजने के सब्जबाग दिखाकर लाखों रुपए ठगी करने के मामले में एसपी राजेश कालिया के आदेशानुसार त्वरित कार्रवाई करते हुए इकनॉमिक सैल के एएसआई रणधीर सिंह की टीम द्वारा आरोपी जिला जींद के बिघाना हाल पेहवा निवासी सुभाष को नियमानुसार गिरफ्तार कर लिया गया।

### राजीव गांधी कालेज में एनएसएस शिविर संपन्न

जींद। राजीव गांधी महाविद्यालय के प्रांगण में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस कैंप के समापन समारोह की अध्यक्षता एनएसएस प्रभारी डा. राजेश ने की और कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में बीरेंद्र सिंह कॉलेज ऑफ नर्सिंग के प्राचार्य डा. बाबा वज़ाला ने शिरकत की। अपने समापन संबोधन में एनएसएस के विद्यार्थियों को जीवन में मेडिकल साइंस के महत्व पर प्रकाश डाला।

### डीएवी स्कूल में 51 कुंडीय यज्ञ आज

जींद। होली के उत्सव पर डीएवी पब्लिक स्कूलए जींद में 51 कुंडिया महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। यह जानकारी आर्य युवा समाज हरियाणा के प्रधान डा. धर्मदेव विद्यार्थी ने दी । उन्होंने कहा कि इस यज्ञ का आयोजन आर्य समाज डीएवी पब्लिक स्कूल जींद के तत्वावधान में किया जाएगा।

## जुलाना में भाजपा की एक दिन पहले होली, दो वार्डों से चुनाव लड़ रहे पति पत्नी दोनों हारे

# जोगेंद्र को मात देकर भाजपा के संजय बने चेयरमैन

चेयरमैन पद के चुनाव में डा. संजय जांगड़ा को 3771 वोट मिली।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जुलाना

जुलाना शहर की सरकार चुनने में भाजपा कमल खिलाने में कामयाब रही। भाजपा प्रत्याशी डा. संजय जांगड़ा को चेयरमैन चुनाव में 671 वोटों से जीत मिली है। भाजपा प्रत्याशी डा. संजय जागड़ा ने निर्दलीय उम्मीदवार जोगेंद्र लाठर को मात दी है। शुरू से ही दोनों के बीच कड़ा मुकाबला माना जा रहा था। चेयरमैन पद के चुनाव में डा. संजय जांगड़ा को 3771 वोट मिली। जबकि जोगेंद्र लाठर को 3100 वोट मिली। जोगेंद्र लाठर को शुरूआत के तीन वार्डों में अच्छी शुरूआत मिली लेकिन बाकि बचे 11 वार्डों में भाजपा प्रत्याशी को ही बढ़त मिली और जीत हासिल की। भाजपा ने लगाया दम, हो गया बेड़ा पारःजुलाना नपा क्षेत्र से लोकसभा और विधानसभा चुनाव में मिली लीड से भाजपा जीत को लेकर आस्वस्त थी। इसके बावजूद भाजपा ने चुनाव को लेकर पूरा दम लगाया। भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में वोट के लिए प्रदेश के मुख्यामंत्री नायब सैनी, मंत्री कृष्ण बेदी, मंत्री कृष्ण लाल पवांर, श्रुति चौधरी, डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण लाल मिड्ढा, उचाना विधायक देवेंद्र अत्री, सफीदों से विधायक रामकुमार गौतम, राज्यसभा सांसद रेखा शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष मोहनलाल , पूर्व सांसद सुनीता आदि ने शिरकत की। भाजपा के संगठन ने काम किया और जीत मिल गई।

### दोबारा चुनाव लड़ रहे पार्षदों को जनता ने नकारा



जुलाना। भाजपा के चेयरमैन डा. संजय को रिटर्निंग अधिकारी होशियार सिंह निर्वाचन प्रमाण पत्र देते हुए।

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| प्रत्याशी | मत हासिल | वार्ड | 04 | जीत राहुल 83 वोट से | |
| डा. संजय | 3771 | मोनू | सर्वसम्मति | वार्ड | 10 |
| अमरजीत सिंह | 145 | वार्ड | 05 | पूजा रानी | 249 |
| कौशल कुमार | 88 | सुजाता | 382 | रामभतेरी | 244 |
| जोगेंद्र लाठर | 3100 | रीतू | 323 | मीना | 118 |
| ठंडीराम | 106 | पूजा कुमारी | 20 | जीत पूजा रानी पांच वोट से | |
| दिनेश कुमार | 117 | जीत सुजाता 59 वोट से | | वार्ड | 11 |
| मोहिंद्र सिंह | 496 | वार्ड | 06 | सोनम | 586 |
| वकील | 663 | पवन कुमार | 408 | ममता | 213 |
| सुनील कुमार | 1151 | संदीप | 135 | जीत सोनम 373 वोट से | |
| जीत : भाजपा प्रत्याशी डा. | | ओमप्रकाश | 51 | वार्ड | 12 |
| संजय जांगड़ा 671 | | जीते पवन 273 वोट से | | सुमित | 200 |
| पार्षद के लिए आए वोट | | वार्ड | 07 | राकेश | 192 |
| वार्ड- | 01 | राजेश | 445 | भारत | 169 |
| सोनिया | 422 | विजय कुमार | 147 | जीत सुमित आठ वोट से | |
| मनदीप | 329 | रामनिवास | 114 | वार्ड | 13 |
| जीत -सोनिया 93 वोट | | प्रदीप | 108 | ज्योति | 278 |
| वार्ड | 02 | जीतः राजेश 298 वोट से | | रजनी देवी | 162 |
| कविता | 471 | वार्ड | 08 | मौसमी | 130 |
| राजपाल | 306 | संदीप | सर्वसम्मति | रोशनी | 71 |
| जीत. कविता | 165 | वार्ड | 09 | जीत ज्योति 116 वोट से | |
| वार्ड | 03 | राहूल | 327 | वार्ड | 14 |
| जितेंद्र लाठर | 458 | अजीत | 244 | मंजू | 440 |
| खुशीराम | 408 | अजय कुमार | 127 | सुमित्रा देवी | 180 |
| जीत जितेंद्र | 50 | सुभाष पांचाल | 40 | जीत मंजू 260 वोट से | |



जुलाना। जीत के बाद जश्न मनाते पार्षद। फोटो :हरिभूमि

### मतगणना शांतिप्रिय ढंग से संपन्न

कैथल। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं डीसी प्रीति ने बताया कि सीवन, पूंडरी व कलायत नगर पालिका चुनाव में मतगणना का कार्य बुधवार को शांति पूर्ण, निष्पक्ष तथा पारदर्शी तरीके से संपन्न करवाया गया। मतगणना प्रक्रिया के दौरान सामान्य पर्यवेक्षक वंदना दिसोदिया, पुलिस पर्यवेक्षक धारणा यादव ने पूरी निगरानी रखी। सुरक्षा व्यवस्था के व्यापक प्रबंध किए गए थे।नगर पालिका सीवन में अध्यक्ष पद के लिए सात प्रत्याशी मैदान में थे। इनमें से हेमलता ने कुल 3594 वोट प्राप्त करके विजय हासिल की है, जबकि शैली मुंजाल 3331 वोट प्राप्त करते हुए द्वितीय स्थान पर रही। नगर पालिका कलायत में अध्यक्ष पद के लिए सात उम्मीदवार मैदान में थे। इनमें से अंकित राणा ने 5824 वोट प्राप्त करके जीत हासिल की, वहीं दूसरे स्थान पर मेनपाल राणा रहे, जिन्हें 2862 वोट प्राप्त हुए।

# कैथल में नहीं चला मुख्यमंत्री का जादू

## तीनों सीटों पर भाजपा प्रत्याशियों की हार, निर्दलयी के सिर सजा ताज

- सीवन से हेमलता, कलायत से अंकित और पूंडरी से बबली के सिर सजा ताज

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

निकाय चुनाव को लेकर बुधवार को हुई मतगणना में कैथल की तीनों नगरपालिकाओं में भाजपा प्रत्याशियों को हार का सामना करना पड़ा तथा निर्दलीय प्रत्याशी विजेता रहे। चुनाव में सीवन से हेमलता, कलायत से अंकित राणा तथा पूंडरी से बबली गोस्वामी बनी नगर पालिका प्रधान बनी। बता दें कि सीएम नायब सिंह ने तीनों नगरपालिकाओं में भाजपा प्रत्याशियों को जीत दिलाने के लिए रैलियां, रोड-शो व जलसे कर पूरा जोर लगाया लेकिन वे अपने प्रत्याशियों को जीत दिलाने में कामयाब नहीं हो सके। जहां दो नगरपालिकाओं से भाजपा से बागी विजेता बने तो वहीं एक निर्दलीय प्रत्याशी जीतने में कामयाब रहे। टिकट आबंटन को लेकर नाराज नजर आई जनताः निकाय चुनाव में भाजपा की टिकट मांग रहे कलायत से अंकित जैलदार, सीवन से संदीप सैनी की पत्नी हेमलता सैनी को आला कमान द्वारा टिकट न दिए जाने से यहां की जनता में रोष दिखाई दिया। जहां कलायत से भाजपा ने मैनपाल राणा को प्रत्याशी बनाया तो वहीं सीवन से शैली मुंजाल को प्रत्याशी बनाया। इसका खामियाजा भाजपा को हार के रूप में भुगतना पड़ा। जनता ने कलायत से अंकित जैलदार तथा सीवन से हेमलता सैनी के सिर चेयरमैन का ताज सजाया। इसी प्रकार से पूंडरी से भी निर्दलीय प्रत्याशी बबली गोस्वामी ने भाजपा प्रत्याशी गुड्डी देवी को शिकस्त दी। चुनावी सिंबल ने बिगाडा चुनावी खेलः कैथल की जनता का कहना था कि निकाय चुनाव भाईचारे का चुनाव होता है लेकिन भाजपा ने इसे हाई-प्रोफाइल चुनाव बना दिया था। इस चुनाव में न केवल भाजपा के विधायक व मंत्रियों ने प्रचार प्रसार किया बल्कि खुद सीएम सैनी ने भी जनसभा व रैली कर चुनाव प्रचार की कमान संभाली। जनता का कहना था कि लोकसभा व विधानसभा चुनाव पार्टी के अनुसार होता है लेकिन निकाय चुनाव में पार्टी कोई मायने नहीं रखती।



कलायत। विजयी जुलूस निकालते नव निर्वाचित चेयरमैन अंकित जैलदार। फोटो :हरिभूमि

### कौन होगा हार का जिम्मेदार

निकाय चुनाव में भले ही प्रदेश में भाजपा का प्रदर्शन सराहनीय रहा लेकिन कैथल में भाजपा अपना खाता भी नहीं खोल सकी। जहां विधानसभा चुनाव में भी भाजपा चार सीटों में से मात्र एक सीट पर सिमटकर रह गई थी तो वहीं अब निकाय चुनाव में भाजपा की झोली पूरी तरह से खाली हो गई। इस हार की जिम्मेवारी सीएम, मंत्री या जिलाध्यक्ष किसकी होगी, यह आने वाला समय बताएगा।

### अंकित बने कलायत नपा के चेयरमैन

कलायत। कलायत नगर पालिका प्रधान चुनाव में आजाद प्रत्याशी अंकित जैलदार ने भाजपा प्रत्याशी मैनपाल राणा को शिकस्त देते जीत दर्ज की। इसके साथ ही देश की आजादी के 77 वर्ष में पहली रेणू धानियां के रूप में वार्ड 1 से एक बेटी पार्षद चुनी गई। एमएससी की यह छात्रा ग्राम पंचायत और नगर पालिका से जुड़े कलायत के इतिहास में जन प्रतिनिधि की पगड़ी पहनने वाली पहली बेटी है। अभी तक बहु रानी की स्थानीय सरकार में चौधर की पगड़ी पहनती रही हैं। वार्ड 10 में नंबरदार संजय सिंगला ने केवल एक वोट के अंतर से जीत दर्ज की। संयोग कहें या कांटे की टक्कर का असर कहें कि इस वार्ड में एक भी वोट नोटा को नहीं मिला। प्रधान चुनाव में पहली बार भाजपा और आम आदमी पार्टी ने अपने-अपने प्रत्याशी उतारे थे। जबकि निर्दलीय के तौर पांच प्रत्याशी अपना भाग्य अजमा रहे थे। प्रधान व पार्षदों की चार राउंडों में मतगणना हुई। प्रशासन द्वारा सुबह 8 से 10 बजे तक परिणाम घोषित करने की रूप रेखा तय की गई थी। इसके अनुसार कलायत उप मंडल प्रशासन चुनाव अधिकारी एवं एसडीएम अजय हुड्डा की अगुवाई में निर्धारित समय पर नतीजे घोषित करने में सफल रहा।

### सीवनः हेमलता नपा की पहली अध्यक्ष बनी

सीवन। सीवन नपा चुनाव के नतीजे बुधवार को घोषित हो गए। सीवन से आजाद प्रत्याशी हेमलता सैनी ने जीत हासिल की और सीवन नपा की पहली अध्यक्ष बनी। भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल दूसरे स्थान पर रही और संयम गोयल तीसरे स्थान पर रही। सीवन नगरपालिका चुनाव की मतगणना 4 राउंड में हुई। पहले राउंड में हेमलता सैनी आगे रही। दूसरे राउंड में संयम गोयल पहले स्थान पर आ गई। लेकिन तीसरे राउंड में बड़ी लीड लेते हुए हेमलता सैनी ने बढ़त बनाई और 750 वोटों से आगे हुई। चौथे और अंतिम रांउड में हेमलता सैनी ने इस लीड को बरकरार रखा और 3594 वोट प्राप्त कर सीवन नपा के अध्यक्ष पद पर कब्जा किया। निकटतम प्रतिद्वन्द्वी भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल को 263 मतों से पराजित किया। शैली मुंजाल को कुल 3331 मत प्राप्त हुए। तीसरे स्थान पर रही संयम गोयल को 3061 वोट मिले। भाजपा प्रत्याशी शैली मुंजाल किसी भी राउंड में पहले स्थान तक नहीं पहुंच पाई। चुनाव परिणाम घोषित होते ही हेमलता सैनी के समर्थकों में खुशी की लहर दौड़ गई। सैनी के समर्थकों ने ढोल व डीजे बजा कर नाच गाकर खुशी मनाई नगर के बाजार में जलूस निकाल सभी धन्यवाद किया।

### बबली पूंडरी नपा की चेयरपर्सन बनी

पूंडरी। नगर पालिका चुनाव में निर्दलीय प्रत्याशी बबली गोस्वामी ने शानदार जीत दर्ज कर चेयरपर्सन का पद अपने नाम कर लिया। उन्होंने अपने निकटतम प्रतिद्वंद्वी गुड्डी देवी को 1329 मतों से हराया। वहीं, भाजपा की अधिकृत प्रत्याशी ममता सैनी तीसरे स्थान पर रहीं। नगर पालिका चुनाव में भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा। भाजपा ने चेयरपर्सन सहित सभी 16 वार्डों में अपने प्रत्याशी सिंबल पर उतारे थे, लेकिन इस रणनीति ने पार्टी को नुकसान पहुंचाया। भाजपा के कई बड़े नेताओं मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने प्रचार किया, फिर भी जनता ने पार्टी के खिलाफ नाराजगी जाहिर की। वार्ड के अनुसार चुनाव परिणाम। पूंडरी नपा के 16 वार्डों में से भाजपा के सात प्रत्याशियों ने जीत दर्ज की, जिनमें से दो निर्विरोध चुने थे। अन्य नौ वार्डों में निर्दलीय प्रत्याशी विजयी रहे। भाजपा ने चेयरपर्सन सहित सभी 16 वार्डों में अपने प्रत्याशी सिंबल पर उतारे थे, लेकिन इस रणनीति ने पार्टी को नुकसान पहुंचाया। भाजपा के कई बड़े नेताओं मुख्यमंत्री और मंत्रियों ने प्रचार किया, फिर भी जनता ने पार्टी के खिलाफ नाराजगी जाहिर की।


### जल्द विकास कार्य शुरू करवाए जाएंगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

विजेता रही ज्योति देवी ने कहा कि वार्ड में जो भी समस्याएंहैं, उनको पालिका चेयरपर्सन अनीता अधलखा के साथ कंधे से कंधा मिला कर काम करते हुए पूरा करवाया जाएगा। वार्ड में पिछले एक साल से काम नही हो पाए थे, उन्हें अतिशीघ्र शुरू करवाया जाएगा। वार्ड की सभी समस्याएं उनके संज्ञान में है और उन समस्याओं को निराकरण करवाना उनकी प्राथमिकता रहेगी। आचार संहिता हटने के तत्काल बाद टेंडर लगा कर विकास कार्य शुरू करवाएं जाएंगे। इस पिछड़े हुए वार्ड को सफीदों के अग्रणी वार्डों में शुमार किया जाएगा।



सफीदों। मतगणना केंद्र के बाहर तैनात पुलिस बल। फोटो :हरिभूमि



सफीदों। जीत के बाद खुली जीप में जाते विजेता ज्योति देवी व उनके समर्थक।

# ज्योति देवी ने 633 वोटों से की जीत हासिल

- सफीदों नगर पालिका वार्ड नंबर 14 उपचुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सफीदों

सफीदों के वार्ड नंबर 14 में उपचुनाव की मतगणना बुधवार को नगर के राजकीय मॉडल सीनियर सैकेंडरी स्कूल में शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई। मतगणना रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम पुलकित मल्होत्रा की देखरेख में संपन्न हुई। गौरतलब है कि वार्ड नंबर 14 अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित था और इस वार्ड से पार्षद बने रामभरोसे फर्जी जाति प्रमाण पत्र के आरोपों में बर्खास्त कर दिए गए थे। इस उपचुनाव के तीन प्रत्याशी ज्योति देवी, नीरू कुमार व अजीत कुमार का भाग्य दो मार्च को ईवीएम मशीनों में कैद हो चुका था। मतगणना को लेकर एक टेबल लगाई गई और मतगणना का कार्य सुबह आठ बजे शुरू हो जाएगा। गिनती के लिए तीन पार्टियां मौजूद रही। जिनमें से दो पार्टियों को रिजर्व रखा गया था। किसी भी अप्रिय घटना से बचने के लिए व्यापक रूप से पुलिस बल तैनात रहा। मतगणना निर्धारित समय सुबह आठ बजे शुरू हो गई थी। इस वार्ड के उपचुनाव में कुल 1384 वोटों में से 1128 वोट पोल हुए थे। मतगणना के उपरांत प्रत्याशी ज्योति देवी ने 633 वोटों से जीत हासिल की। वहीं प्रतिद्वंद्वी उम्मीदवार अजीत को 206 व नीरू कुमार को 74 वोट प्राप्त हुए। वहीं नोटा को 9 वोट प्राप्त हुए। जैसे ही ज्योति देवी के जीतने का समाचार उनके समर्थकों को मिली तो वे नगर के नागक्षेत्र मोड़ के पास एकत्रित हो गए। विजेता ज्योति देवी जैसे ही मतगणना केंद्र से बाहर निकली तो समर्थकों ने उन्हे व उनके पति हरियाणवी गीतों के मशहुर लेखक एंडी दहिया को फूलों की मालाओं से लाद दिया। वहीं रंग.गुलाल उड़ा कर खुशी का इजहार किया गया। उसके उपरांत विजेता ज्योति देवी व उनके पति एंडी दहिया को खुली जीप में बैठा कर सफीदों शहर से नागक्षेत्र मोड़, नहर पूल, जींद रोड होते हुए उनके निवास स्थान आदर्श कालोनी पहुंचे।



सफीदों। विजयी चिन्ह बनाते ज्योति देवी व उनके पति एंडी दहिया।

## एमरजेंसी वार्ड में रहेगी चिकित्सकों की ड्यूटी

# होली पर्व को लेकर स्वास्थ्य विभाग अलर्ट

- स्वास्थ्य मुख्यालय ने जारी की एडवाइजरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

होली पर्व को लेकर स्वास्थ्य विभाग भी अलर्ट मोड पर है। होली पर्व पर कई जगह हुडदंग की घटनाएं हो जाती हैं। ऐसे में होली पर कोई अनहोनी नहीं हो, इसके लिए इमरजेंसी वार्ड को पूरी तरह तैयार रखने को कहा गया है। यहां पर अब होली पर्व को लेकर चिकित्सकों की ड्यूटी रहेगी तथा अस्पताल के सभी चिकित्सा अधिकारी भी ऑन कॉल पर किसी भी समय बुलाए जा सकते हैं। इस संबंध में सीएमओ ने पत्र जारी कर दिया है। नागरिक अस्पताल में छुट्टी के दिन इमरजेंसी वार्ड में तीन शिफ्टों में काम होता है। यहां पर हर आठ घंटे में एक चिकित्सक की ड्यूटी रहती है। साधारण दिनों में भी इमरजेंसी वार्ड में एक चिकित्सक हमेशा रहता है। अब होली के हुड़दंग को लेकर कोई अप्रिय घटना नहीं हो, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग ने विशेष तैयारियां कर ली हैं। इमरजेंसी वार्ड में सभी प्रकार की जीवनरक्षक दवाइयों का विशेष स्टॉक रखा गया है ताकि जरूरत पडऩे पर मरीजों को तुरंत इनकी सुविधा मिल सके। इसके अलावा इमरजेंसी वार्ड में चिकित्सकों की ड्यूटी लगाई गई है। जिनमें डा. शुभम 14 मार्च को सुबह आठ बजे से सायं दो बजे तक, डा. योगेश कुमार दो बजे से रात्रि आठ बजे तक तथा डा. अमित आठ बजे से 15 मार्च सुबह आठ बजे तक डयूटी पर हरेंगे। आम दिनों में सभी स्पेशलिस्ट चिकित्सक ऑन कॉल ड्यूटी पर रहते हैं लेकिन होली को लेकर अस्पताल के सभी चिकित्सक ऑन कॉल ड्यूटी पर रहेंगे। किसी भी चिकित्सक को किसी भी समय फोन करके बुलाया जा सकता है। होली को देखते हुए सिविल सर्जन ने इस संबंध में सभी चिकित्सकों को पत्र जारी कर दिया है। इसके अलावा कोई भी चिकित्सक शहर से बाहर भी नहीं जा सकेगा।

### सिर्फ तिलक लगाकर होली मनाए

नागरिक अस्पताल के कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि होली पर्व को लेकर महानिदेशक द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। जिसमें सभी को ध्यान रखना है कि समय-समय पर पानी पीते रहें। सिर्फ तिलक लगाएं और पानी की वेस्टेज न करें। आजकल मिलावटी रंग आ रहे हैं। जिससे त्वचा को नुकसान पहुंच सकता है। ऐसे में इन रंगों से सांस के रोगियों को परेशानी हो सकती है। होली पर्व पर नशा बिल्कुल न करें। यह स्वास्थ्य के लिए बहुत नुकसानदायक है। होली खुशियों का त्योहार है। ऐसा कोई काम न करें, जिससे कोई दुर्घटना घटित हो।

# गाड़ी सहित भिवानी जिले का शराब तस्कर गिरफ्तार

- सीआई स्टाफ नरवाना की टीम ने शराब तस्करों पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज. जींद

सीआईए स्टाफ नरवाना पुलिस ने इंचार्ज सुखदेव सिंह के नेतृत्व में उचाना के निकट गांव खरकबुरा के खेतों से शराब से भरी फॉच्र्यूनर गाड़ी के साथ एक शराब तस्कर को काबू किया है। पकड़े गए आरोपित की पहचान गांव किराबड़ भिवानी निवासी नरेंद्र उर्फ गोल्डी के रूप में हुई। सीआईए नरवाना की टीम एएसआई रमेश कुमार के नेतृत्व में पेट्रोलिंग डयूटी पर उचाना के नजदीक मौजूद थी कि सूचना मिली कि नरेंद्र उर्फ गोल्डी जो पंजाब से शराब तस्करी का धंधा करता है अपनी फॉच्र्यूनर गाड़ी में भारी मात्रा में अवैध शराब भरकर कैथल की तरफ से नरवाना होते हुए जींद के रास्ते भिवानी की तरफ जाएगा। आरोपित ने अपनी फॉच्र्यूनर गाड़ी में भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब छुपा रखी है। सूचना पर तुरंत नरवाना से जींद रोड पर गांव खरकबुरा के पास नाकांदी कर वाहनों की जांच शुरू कर दी। जैसे ही फॉच्र्यूनर गाड़ी आई और रुकने का इशारा किया तो गाड़ी चालक ने अपनी गाड़ी को गांव खरबुरा की तरफ खेतों की तरफ भगा लिया था।

## खबर संक्षेप

### अग्निपथः ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया प्रारंभ

**जींद।** अग्निपथ योजना के तहत ऑनलाइन प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। दस अप्रैल 2025 तक जींद, फतेहाबाद, सिरसा और हिसार के युवा अपना आवेदन कर सकते है। भर्ती निर्देशक सेना भर्ती कार्यालय हिसार ने बताया कि ऑनलाइन परीक्षा के लिए अभ्यर्थी द्वारा प्रति आवेदक परीक्षा शुल्क 250 रुपये का भुगतान करना होगा। इच्छुक उम्मीदवार की योग्यता के अनुसार दो अग्निवीर श्रेणी के लिए आवेदन करने का विकल्प इस वर्ष दिया है।

### व्यक्ति पर धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**जींद।** सड़क हादसे में मारे गए युवक की सोने की चेन मोबाइल फोन तथा पर्स को गायब करने पर शहर थाना सफीदों पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ धोखाधड़ी समेत विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। समालखा पानीपत निवासी जसवीर ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि गत पांच दिसंबर 2024 को उसके बेटे की सफीदों बाईपास पर कार हादसे में मौत हो गई थी।

### अठारह को दिल्ली में होगी राष्ट्रीय कन्वेंशन : अनूप

**जींद।** रोडवेज कर्मचारी यूनियन हरियाणा संबंधित एटक के राज्य कमेटी सदस्य निशान सिंह, जयबीर सिंह, अनूप लाठर ने कहा कि अंग्रेजी शासन में हजारों नेताओ की कुर्बानी के बाद बने श्रम कानूनों को केंद्र सरकार सुधार के नाम पर बड़े पूंजीपतियों के हित में कर्मचारी व मजदूर विरोधी श्रम कानून बनाए हैं। जिन्हें केन्द्र सरकार लागू करने जा रही है।

### दल बदलुओं को छह वर्ष तक चुनाव न लड़ने दे आयोग

**जींद।** उप मंडल उचाना के कांफ्रेंस हॉल में राज्य चुनाव आयोग के निर्देशानुसार सभी मान्यता प्राप्त राजनीतिक दल व निर्दलीय प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों की आवश्यक बैठक बुलाई गई। जिसकी अध्यक्षता उचाना के तहसीलदार सुरेश कुमार ने की। मीटिंग के एजेंडे पर चर्चा करते हुए बीआरसी रणपाल ने प्रतिभागियों को अवगत करवाया।

### स्वास्थ्य सुविधाओं की मांग को लेकर धरना सत्रह को

जींद। मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी के आह्वान पर नागरिक अस्पताल में खाली पड़े विशेषज्ञ डॉक्टरों व अन्य सहायक स्टाफ की भर्ती, अल्ट्रासॉउंड सहित सभी तरह की जांच व दवाइंयों का प्रबंध कराने एवं स्वास्थ्य सेवाओं की बहाली की मांग को लेकर 17 मार्च को जन धरना दिया जाएगा। सचिव संदीप ने बताया कि बीजेपी का राज आने के बाद सार्वजनिक स्वस्थ्य सेवाओं का सरकार द्वारा जानबूझकर भ_ा बैठाया जा रहा है।

### राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न

**जींद।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की 12वीं कक्षा की राजनीति विज्ञान विषय की परीक्षा शांतिपूर्वक हुई। उडनदस्ता टीम ने जिले के अलग-अलग परीक्षा केंद्रों पर निरीक्षण किया लेकिन नकल कोई मामला सामने नहीं आया। जबकि 11 को हुई दसवीं कक्षा की विज्ञान विषय की परीक्षा के दौरान लोधर में सेंटर पर तीन विद्यार्थी दूसरे की जगह परीक्षा देते पाए गए थे।

### चुनाव प्रणाली को और सरल बनाने के लिए मांगे सुझाव

**जींद।** चुनाव प्रणाली को और अधिक सरल व पारदर्शी बनाने के लिए राज्य के मुख्य निर्वाचन कार्यालय द्वारा राष्ट्रीय व राज्य की मान्यता प्राप्त विभिन्न राजनीतिक पार्टियों के पदाधिकारियों व उनके सहयोगियों से सुझाव मांगे गए। इसको लेकर सफीदों विस के रिटर्निंग अधिकारी पुलकित के मार्गदर्शन में लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया।

### सत्ता पक्ष व विपक्ष समान रूप से जिम्मेदारः कंडेला

**जींद।** कंडेला खाप पंचायत के प्रधान ओमप्रकाश कंडेला ने कहा कि समाज का ताना-बाना बिगाड़ने के लिए सत्ता पक्ष व विपक्ष समान रूप जिम्मेदार है। दोनों में कोई फर्क नजर नहीं आता। सदन में बेतुके मुद्दे गोबर खाने के उठाएं जा रहे हैं। क्या इसीलिए जनता ने इनको विधानसभा भेजा था।

---

### जहां तक हो सके, इको फ्रेंडली रंग और गुलाल ही खरीदें

# होली का रंग आंखों में जाने पर जल्दबाजी में रगडें नहीं, सॉफ्ट कपड़े से साफ करें : गितांशु

### रसायन युक्त रंगों की खरीद बिल्कुल न करें : डा. भोला

भद्रा के चलते देर रात 11:26 से लेकर देर रात 12:30 तक कर सकेंगे होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हमारे देश में हर त्योहार को स्नेह व उल्लास से मनाया जाता है। इनमें होली एक ऐसा त्योहार है जो हर भेदभाव को मिटा कर सबको पास ले आता है। रंगों से भरे इस त्योहार की सबसे बड़ी खूबी ही ढेर सारे रंग और गुलाल में बसी होती है लेकिन होली के दौरान बरती गई थोड़ी सी भी लापरवाही आपको कई तरह की समस्याओं का शिकार बना सकती है। यह परेशानी त्वचा से लेकर आंखों, बालों तक को होली के रंग नुकसान पहुंचा सकते हैं। इसलिए जरूरी है कि रंगभरे इस त्योहार के पहले थोड़ी सतर्कता बरती जाएए ताकि सेहत से कोई लापरवाही न होने पाए। नागरिक अस्पताल के कार्यवाहक सीएमओ डा. पालेराम कटारिया ने बताया कि होली बीत जाने के बाद अक्सर लोगों में त्वचा पर जलन, आंखों में जलन, लालिमा और सांस से संबंधित समस्याएं बढ़ जाती हैं। ऐसे में जरूरी यह है कि रंगों को लेकर पूरी सावधानी बरती जाए। होली पर रंग खरीदते इस बात का विशेष ध्यान रखा जाए कि वो हर्बल हों और रंग लगाने से सामने वाले को किसी तरह की कोई परेशानी न हो। डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला ने कहा कि गुलाल में भी कई बार बारीक पिसा कांच तथा एस्बेस्टोस-सिलिका जैसे खतरनाक तत्व हो सकते हैं जिनसे किडनी, लिवर, हड्डियों को नुकसान, आंखों को स्थायी क्षति या अस्थमा जैसी समस्या हो सकती है। वहीं पानी में घुल जाने वाले कुछ रंगों में भी रसायन का प्रयोग किया जाता है। यदि गलती से भी यह आंख, नाक, मुंह के जरिये शरीर में चले जाएं तो गंभीर मुश्किल खड़ी हो सकती है। अगर आपको सूखे रंग या गुलाल में कोई चमक दिखती है तो यह कांच के पाउडर हो सकता है। यह त्वचा के साथ ही आंखों और बालों को भी नुकसान पहुंचा सकता है। इससे दूरी बनाएं। रंगों को एक बार सूंघ कर देखें। यदि आपको इसमें किसी प्रकार के रसायन या इंजिन ऑयल की बदबू आती है तो इसे न खरीदें।



जींद। होली पर्व को लेकर सजी दुकान।

#### जींदः होली पर्व को लेकर बाजार गुलजार

**जींद।** इस दिन लोग होलिका की पूजा व अर्चना कर सुखद भविष्य की कामना करेंगे। इसे लेकर शहर में जगह-जगह होलिका पूजा के लिए कार्यक्रम आयोजित किए गए हैं। शहर के बाजार पटियाला चौक, पुरानी सब्जी मंडी, मेन बाजार, पालिका बाजार, तांगा चौक पर खरीददारी को लेकर अच्छी-खासी रौनक देखने को मिली। महिलाओं, बच्चों व लोगों ने गुलाल की खरीददारी की। आलम यह था कि छोटे बच्चों ने अभी से गलियों में होली खेलनी शुरू कर दी है। इस बार होली का पर्व 14 मार्च शुक्रवार को मनाया जाएगा जबकि इससे एक दिन पहले यानि 13 मार्च को होलिका दहन वीरवार को होगा। पंचांग के मुताबिक 13 मार्च को भद्रा का साया सुबह 10 बजकर 35 मिनट से लेकर देर रात 11 बजकर 26 मिनट तक है। इस दौरान शुभ काम करने की मनाही होती है। ऐसे में भद्रा के दौरान होलिका दहन भी नही किया जा सकेगा। 13 मार्च वीरवार को होलिका दहन का समय देर रात 11 बजकर 26 मिनट से लेकर देर रात 12 बजकर 30 मिनट तक है। होलिका दहन के लिए मात्र 64 मिनट ही मिलेंगे और इस समय में ही होलिका दहन किया जाएगा। होली के त्योहार को हिंदू रिति रिवाजों के अनुसार एक पवित्र त्योहार के रूप में मनाया जाता है। इस दिन होलिका दहन करके बुराई पर अच्छाई की जीत का संदेश दिया जाता है। इस दिन सभी गिले-शिकवे भुलाकर एक-दूसरे से सौहार्दपूर्वक गले लगते है।

#### गुणवत्ता को लेकर पूरी पुष्टि करें

नागरिक अस्पताल के एनेस्थीसिया और क्रिटिकल केयर मेडिसिन विशेषज्ञ डा. मृत्युंजय गुप्ता कहा कि यदि आपको अस्थमा या किसी प्रकार की स्किन एलर्जी है तो रंग खेलने से पहले ही स्पष्ट कर दें या ज्यादा रंग न खेलें। होली के रंगों में कुछ मात्रा में एसिड भी हो सकता है। जोकि शरीर के लिए हानिकारक होता है। ऐसे में इको फ्रेंडली रंग और गुलाल ही खरीदें। वहीं गर्भवती महिलाओं को इन हानिकारक रंगों से बचाव और भी जरूरी है। क्योंकि इनका बुरा असर बच्चे तक भी पहुंच सकता है। ऐसे में होली खेलते हुए सावधानी अवश्य बरतें। रंग खरीदते समय गुणवत्ता को लेकर पूरी पुष्टि करें।

#### रासायनिक रंग हानिकारक

नागरिक अस्पताल की आई सर्जन डा. गितांशु ने बताया कि होली खेलने से पहले आंखों के आसपास और चेहरे पर हल्का सा नारियल तेल या क्रीम लगाएं, इससे रंग आंखों में नहीं घुस पाएंगे और त्वचा भी सुरक्षित रहेगी। होली खेलने से पहले सुनिश्चित करें कि आप प्राकृतिक और हर्बल रंगों का ही इस्तेमाल करें। क्योंकि रासायनिक रंग आंखों के लिए हानिकारक हो सकते हैं। होली का रंग अगर आंखों में जाता है, तो उसे जल्दबाजी में निकालने के लिए आंख को रगड़ें नहीं। इससे कार्निया पर स्क्रेच पडने का खतरा बना रहता है। इसके लिए आंखों को सॉफ्ट कपड़े से साफ करें। उसके बाद उन्हें धो लें। इसके अलावा अगर फिर भी जलन और दर्द महसूस हो रही है तो आंखों के चिकित्सक से चेक करवाएं। आप चश्मा या कॉन्टैक्ट लेंस पहनते हैं तो उसे हटाकर ही रंग खेलें।

---



लोधर स्कूल जहां परीक्षार्थियों को दूसरे की जगह परीक्षा देते काबू किया गया है।

# परीक्षा में बैठे फर्जी लड़का लड़की पकड़े, मामला दर्ज

- दूसरे की जगह दे रहे थे पेपर, फ्लाइंग ने चेकिंग में पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

लोधर स्कूल में फ्लाइंग स्वायड की टीम ने दसवीं कक्षा की परीक्षा में एक सेंटर पर लड़का और लड़की को दूसरे की जगह पेपर देते पकड़ा है। थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। लोधर गांव के सुपरीटेंडेंट रमेश कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को दसवीं कक्षा के विज्ञान विषय का पेपर था। इनमें विद्यार्थी अमित की जगह दूसरा लड़का सचिन उसकी परीक्षा दे रहा था तो वहीं प्रियंका नाम की छात्रा की जगह संतोष परीक्षा दे रही थी। दोनों के फर्जी परीक्षार्थी होने की सूचना फ्लाइंग स्क्वायड को मिली थी। जिसके बाद फ्लाइंग ने रेड मारी और दोनों फर्जी परीक्षार्थियों को पकड़ लिया। फर्जी परीक्षार्थी सचिन थुआ गांव से और संतोष मांडी गांव से थी। दोनों लोधर में आयोजित परीक्षा में दूसरे की जगह परीक्षा में बैठे हुए थे। पुलिस ने दोनों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है।

#### ये था मामला

मंगलवार को जिले भर में शिक्षा बोर्ड की 10वीं की विज्ञान विषय की परीक्षा थी। इसमें किसी ने शिक्षा बोर्ड को शिकायत दी थी कि लोधर परीक्षा केंद्र में चार परीक्षार्थियों की जगह दूसरे परीक्षा दे रहे हैं। जिनके रोल नंबर भी शिकायत में दिए थे। बोर्ड की तरफ से जांच करने के निर्देश दिए । मंगलवार को बीईओ उचाना फ्लाइंग टीम ने संबंधित रोल नंबर के आधार पर जांच की तो भाई की जगह परीक्षा देते युवक व एक छात्रा की जगह परीक्षा देते लड़की पकड़ी गई। वहीं इसी दौरान दूसरे कमरे में बैठा तीसरा युवक उत्तर पुस्तिका छोड़क भाग गया। वहीं चौथा परीक्षार्थी गैर हाजिर पाया था। इसके बाद टीम ने यूएमसी बनाई थी।

---

#### एसडीएम ने सुनी समस्याएं

**नरवाना।** उपमंडल प्रशासन द्वारा प्रभावी ढंग से समाधान शिविर का आयोजन किया जा रहा है। बुधवार को एसडीएम जगदीश चंद्र ने समाधान शिविर में पहुंची 4 शिकायतों की सुनवाई करते मौके पर ही समाधान करवाया। बताया कि अब तक समाधान शिविरों में जो शिकायतें पहुंची हैए उनमें से अधिकतर का समाधान करवाया जा चुका है इसके अलावा शेष शिकायतों को समाधान के लिए संबंधित विभागों में भेजा गया है । बताया कि समाधान शिविर में अधिकतर शिकायतें परिवार पहचान पत्र, पेंशन, चिरायु आयुष्मान बिजली, जमीन पेमाईस, इंतकाल आदि से संबंधित प्राप्त हो रही हैं। एसडीएम ने बताया कि शिविर में नागरिकों की समस्याओं के समाधान के लिए वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहते हैं व उनकी समस्याओं का समाधान मौके पर ही सुनिश्चित किया जा रहा है।



नरवाना। समस्याएं सुनते एसडीएम।



जींद। प्रशिक्षण शिविर में मौजूद सरपंच, पंच और अन्य सदस्य।

#### ट्रेनिंग में सरपंचों ने रखी मांग

**जींद।** नलों पर पानी मीटर लगेंगे तो ही पेयजल की बर्बादी रूकेगी और लोग पानी का सही तरह से उपयोग करेंगे। यह बात जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व जल एवं स्वच्छता सहायक संगठन द्वारा आयोजित सरपंच, पंच, ग्राम सचिव व स्वयं सहायता समूह के जींद व जुलाना ब्लॉक के दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर के दौरान गांव मांडो सहित अनेक गांवों के सरपंचों ने अपनी मांग रखते हुए कही। इससे पहले उपमंडल अभियंता रणवीर सिंह व उपमंडल अभियंता नवीन कुमार ने दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस मौके पर कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला सलाहकार रणधीर मताना ने की। मौके पर विभाग के उपमंडल अभियंता रणवीर सिंह व उपमंडल अभियंता नवीन कुमार ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत हर घर तक पेयजल पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है।

#### जुलाना हलके की समस्याएं उठाई

**जुलाना।** जुलाना हलके से कांग्रेस विधायक विनेश फोगाट ने विधानसभा सत्र के दौरान जुलाना हलके की समस्याएं उठाई। विनेश ने कहा कि जुलाना के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सात चिकित्सकों के पद हैं जिनमें से पांच पद खाली हैं। केवल दो के सहारे ही काम चलाया जा रहा है। जुलाना हलके के लोगों को काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। अस्पताल में अल्ट्रासाउंड की मशीन नही है। जिससे गर्भवती महिलाओं को काफी परेशानियों से होकर गुजरना पड़ रहा है। सरकार द्वारा आंकड़े पेश किए गए हैं कि एक हजार की जनसंख्या पर एक चिकित्सक नियुक्त किया गया है लेकिन जुलाना के आंकड़े कुछ ओर ही ब्यान कर रहे हैं। डॉक्टर को भगवान मानते हैं। अस्पताल में जिंदगी मिल भी जाती है और चली भी जाती है। स्वास्थ्य की सुविधा बहुत जरूरी है।



विस सत्र के दौरान जुलाना की समस्याएं उठाती विधायक विनेश फोगाट।



जींद। रक्तदाताओं को बैज लगाते डीसी मोहम्मद इमरान रजा।

#### शिविर में 105 यूनिट रक्त एकत्रित

**जींद।** पटवार भवन में दी रेवेन्यू पटवार एवं कानूनगो एसोसिएशन हरियाणा द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मुख्यअतिथि के तौर पर डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने शिरकत की। उपायुक्त मोहम्मद इमरान रजा ने रक्तदातओं की हौंसलाअफजाही करते कहा कि रक्तदान कर किसी अनजान व्यक्ति की जान को बचाने में आम नागरिक अपना अहम योगदान दे सकता है। इसलिए हर व्यक्ति को रक्तदान महादान के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। रक्तदान से बड़ा कोई भी पुण्य का कार्य नहीं है। इसलिए इस पुण्य के कार्य में समय-समय पर अपना योगदान करना चाहिए। इस रक्तदान शिविर से अन्य विभागों को भी प्रेरणा लेकर समाज हित में योगदान देना चाहिए। इस रक्तदान शिविर में 105 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया गया।

---



जींद। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

#### संत नेकीराम महाराज की 180वीं जयंती मनाई

**जींद।** गांव निरजन में संत नेकीराम महाराज की 180वीं जयंती समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में सतगुरू नेकीराम महाराज की साध संगत, डेरा साघान घीसा पंथी व गांव निरजन के ग्रामीणों ने भाग लिया। इस मौके पर भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमें सैंकडों श्रद्धालुओं ने भोजन ग्रहण किया। समारोह की अध्यक्षता स्वामी राजेश्वरानंद, स्वामी सदानंद, स्वामी सुखदेवा नंद ने की। स्वामी राघवानंद ने कहा कि संत कबीरदास 15वीं सदी के भारतीय कवि, संत और समाज सुधारक थे। वे भक्ति आंदोलन के प्रमुख कवियों में से एक थे। कबीरदास ने अपने दोहों के जरिये भक्ति, प्रेम और समानता का संदेश दिया। वे अंधविश्वास, पाखंड और व्यक्ति पूजा के विरोधी थे। इस मौके पर सैंकडों श्रद्धलुओं ने भंडारे में प्रसाद ग्रहण किया।

# जैविक खेती के आधुनिक गुर सिखाए

- कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा किसानों को जैविक खेती के आधुनिक तरीकों से अवगत कराने के लिए दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण का मुख्य विषय जैविक खाद और तरल किण्वित जैविक खाद का उपयोग एवं महत्व रहा। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न गांवों से आए किसानों ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया। कृषि विज्ञान केंद्र जींद के समन्वयक डा. रामकरण ने किण्वित जैविक खाद के महत्व पर प्रकाश डालते कहा कि यह खाद न केवल रासायनिक खादों पर निर्भरता को कम करती है बल्कि पर्यावरण के अनुकूल और टिकाऊ खेती को भी बढ़ावा देती है। किसानों को किण्वित खाद के उपयोग से होने वाले आर्थिक व पर्यावरणीय लाभों के बारे में भी बताया। प्रशिक्षण कार्यक्रम के मुख्य समन्वयक और मृदा वैज्ञानिक डा. धीरज पंघाल ने किसानों को मिट्टी की सेहत और उत्पादकता में किण्वित जैविक खाद (एफओएम) की भूमिका के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि किण्वित जैविक खाद मिट्टी की उर्वरता और सेहत के लिए अत्यंत उपयोगी है। ये न केवल मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा बढ़ाती है बल्कि मिट्टी की संरचना और जल धारण क्षमता में भी सुधार करती है।




जींद। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते किसान। फोटो :हरिभूमि



विजयी चिन्ह बनाते नवनियुक्त प्रधान एडवोकेट कृष्ण गोपाल मित्तल व आढ़ती।

#### कृष्ण गोपाल बने संघ के प्रधान

**सफीदों।** कच्चा आढ़ती संघ की एक बैठक नगर की नई अनाज मंडी में संपन्न हुई। बैठक का उद्देश्य नए वित्तवर्ष के लिए मंडी एसोसिएशन के प्रधान पद के लिए चुनाव करवाना था। इस बैठक के सभापति राईस मिलर एसोसिएशन के अध्यक्ष सुभाष जैन रहे। बैठक में अनाज मंडी के काफी तादाद में आढ़ती मौजूद रहे। बैठक में कच्चा आढ़ती के प्रधान संजय देशवाल ने अपने कार्यकाल का लेखा-जोखा रखा तथा अपनी कार्यकारिणी का इस्तीफा सभापति को सौंप दिया। उसके उपरांत नया प्रधान चुनने की कार्रवाई शुरू हुई। प्रधान पद के लिए सभापति ने नाम आमंत्रित किए। काफी विचार विमर्श के उपरांत एडवोकेट कृष्ण गोपाल मित्तल व कृष्ण कुमार दो नाम सामने आए। दोनों नामों पर चर्चा के उपरांत एडवोकेट कृष्ण गोपाल मित्तल पर सभी की सहमति बन गई।

---


### विभिन्न संस्थाओं ने सुंदर-सुंदर झांकियां की प्रस्तुत

# बाबा श्याम की निशान यात्रा धूमधाम से निकली

- विभिन्न प्रकार के स्टाल लगा कर लोगों को प्रसाद वितरित किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

श्री श्याम प्रभु खाटू वाले का 26वां फाल्गुन महोत्सव नौ मार्च से शुरू है। इस छह दिवसीय फागुन महोत्सव के चौथे दिन बुधवार को बाबा श्याम का नगर भ्रमण अर्थात निशान यात्रा शहर के विभिन्न क्षेत्रों से धूमधाम से निकाली गई। इस निशान यात्रा को जींद के विधायक तथा हरियाणा सरकार में डिप्टी स्पीकर डा. कृष्ण मिड्ढा के प्रतिनिधि समाजसेवी सतीश गोयल मिर्चपुर ने हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस शोभायात्रा में शहर की विभिन्न संस्थाओं द्वारा सुंदर-सुंदर झांकियां निकाली गई। जिसमें भक्तजन अपने मनपसंद भजनों पर रंग गुलाल उड़ा कर नृत्य करते दिखाई दिए। विभिन्न स्थानों पर अनेकों सामाजिक संस्थाओं ने भंडारे तथा विभिन्न प्रकार के स्टाल लगा कर लोगों को प्रसाद वितरित किया। संस्था कोषाध्यक्ष नवीन गोयल ने बताया कि आज की यह निशान यात्रा गांधीनगर सेवा सदन से शुरू होकर स्कीम नंबर 6, स्कीम नंबर 19, रानी तालाब, पालिका बाजार, बैंक रोड, जनता बाजार, घंटाघर, अनाज मंडी, अंडरपास तथा देवीलाल चौक होते मंदिर में पहुंची। शहर के बनखंड महादेव के साथ आज से 26 वर्ष पूर्व श्याम प्रभु खाटू वाले के मंदिर की स्थापना की गई थी तथा संस्था लगातार 26 वर्षों से फागुन महोत्सव शहर के समाजसेवी लोगों के सहयोग से इस कार्यक्रम का आयोजन करती है। जिसमें सभी वर्गों के लोग बढ़चढ़ कर के हिस्सा लेते हैं। शोभायात्रा में महिलाओं की संख्या ज्यादा रही तथा वे बिना किसी थकान के शहर का भ्रमण कर मंदिर प्रांगण में पहुंचे।



जींद। ध्वजा की पूजा करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

#### ये रहे मौजूद

इस अवसर पर मंदिर प्रबंधक कमेटी के मुख्य सेवक योगेश गोयल, उप प्रधान सुरेंद्र गोयल, जय भगवान मित्तल, महासचिव संजय गोयल, कोषाध्यक्ष नवीन गोयल, आकाश गोयल, रामप्रकाश काहनोरिया सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।



जींद। समाधान शिविर में समस्याएं सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि

#### समाधान शिविर आयोजित

**जींद।** जनहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस पर आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों के माध्यम से नागरिकों की समस्याओं का त्वरितए पारदर्शी और प्रभावी निपटारा किया जा रहा है। शिविरों का उद्देश्य आमजन को राहत प्रदान करना है ताकि किसी भी शिकायतकर्ता को सरकारी दफ्तरों के बार-बार चक्कर न लगाने पड़ें। बुधवार को उपायुक्त की अध्यक्षता में समाधान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 16 शिकायतें दर्ज की गईं। शिविर में पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे। शिविर के दौरान नागरिकों ने परिवार पहचान पत्र, पेंशन, धोखाधड़ी, आपसी झगड़े, राजस्व और विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से जुड़ी समस्याएं रखीं। डीसी ने शिकायतों को गंभीरता से सुनते संबंधित विभागों को तत्काल समाधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप

### होली में रसायनिक रंगों से रहें दूर: गौड़

**कैथल।** भारत त्योहारों का देश है। यहां सभी त्योहारों का अपना अलग महत्व है। होली का त्योहार फाल्गुन माह की पूर्णिमा को बंसत ऋतु में पंरपरा के अनुसार मनाया जाता है। होली का त्योहार यानी रंगों का त्योहार या यूं कहें कि खुशियों का त्योहार।



श्याम सुंदर गौड़

संगीतकार एवं वरिष्ठ ज्योतिषाचार्य श्याम सुंदर गौड़ ने कहा कि होली का पर्व भारत में हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाता है। यह त्योहार रंगों और भाईचारे का प्रतीक है। इस वर्ष होली का त्योहार 14 मार्च को मनाया जाएगा। होली के दिन सभी लोग एक-दूसरे को रंग लगाते हैं और प्रेम और मित्रता का संदेश फैलाते हैं। गौड़ ने कहा कि का होली का धार्मिक और सामाजिक महत्व है। पौराणिक कथा के अनुसार भगवान विष्णु ने अपने भक्त प्रह्लाद की रक्षा की और होलिका को आग में जलने दिया। होली का त्योहार हमें प्रेम, भाईचारे और एकता का संदेश देता है।

### सत्रह से चलाया जाएगा विशेष टीकाकरण सप्ताह

**कैथल।** सिविल सर्जन डा. रेणू चावला ने बताया कि गर्भवती व बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा विशेष टीकाकरण सप्ताह 17 मार्च से 25 तक चलाया जाएगा। यह अभियान गर्भवती महिलाओं व बच्चों को जानलेवा बीमारियों से बचाव के लिए चलाया जा रहा है। अभियान के तहत हाई रिस्क एरिया, झुग्गी बस्ती, अर्बन स्लम, भठ्ठों पर स्पेशल टीकाकरण कैंपों का आयोजन किया जाएगा।

### हरियाणा खो-खो के लिए टीम का चयन आज

**कैथल।** हरियाणा सीनियर खो-खो चैंपियनशिप के लिए जिला टीम का चयन 13 मार्च नरडांचल सीनियर सेकंडरी स्कूल नरड़ में किया जाएगा। खो-खो एसो.के सचिव एडवोकेट बृषभान संगरोया ने बताया कि जिला सीनियर खो खो चैंपियनशिप टीम का चयन 13 मार्च को 10 बजे नरडांचल सीनियर सेकेंडरी स्कुल नरड़ में किया जाएगा। खो खो एसो के प्रधान श्री अलबाद राणा ने बताया कि चयनित टीम हरियाणा सीनियर स्टेट खो खो प्रतियोगिता पुरुष व महिला (2024-25) द्रौणाचार्य स्टेडियम कुरुक्षेत्र 15,16 में होने वाली प्रतियोगिता में भाग लेगी ।

## आधा दर्जन गांवों के हजारों लोगों को मिलेगा लाभ

# रसूलपुर गामड़ी से कवारतन तक 59 लाख से मार्केटिंग बोर्ड ने बनाई सड़क

लंबे समय से सड़क की सुविधा का इंतजार कर रहे ग्रामीणों के लिए राहत की खबर, कार्यकारी अधिकारी ने सामग्री की गुणवत्ता जांची

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

लंबे समय से सड़क की सुविधा का इंतजार कर रहे ग्रामीणों के लिए राहत की खबर है। रसूलपुर गामड़ी से कवारतन तक 1.25 किलोमीटर लंबी सड़क 59 लाख रुपये की लागत से बनकर तैयार हो गई है। इस सड़क के निर्माण से आधा दर्जन गांवों के हजारों लोगों को फायदा होगा। खासकर किसान, व्यापारी, स्कूली बच्चे और रोजमर्रा के यात्री इससे सीधा लाभ उठाएंगे। कैथल मार्केटिंग बोर्ड के कार्यकारी अधिकारी सतपाल गोपेरा ने मौके पर पहुंचकर निर्माण कार्य और सामग्री की गुणवत्ता की जांच की। उन्होंने सड़क की मजबूती और टिकाऊपन का निरीक्षण करते हुए कहा कि यह सड़क ग्रामीणों के आवागमन को सुगम बनाएगी और स्थानीय विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।



**कैथल।** बन रही नई सड़क का निरीक्षण करने पहुंचे मार्केटिंग बोर्ड के कार्यकारी अभियंता सतपाल गोपेरा। *फोटो : हरिभूमि*

**तीन साल की कानूनी लड़ाई के बाद संभव हुआ सड़क निर्माण**

यह सड़क न केवल ग्रामीणों की सुविधा के लिए बल्कि उनके संघर्ष की भी मिसाल है। सरकारी रास्ते पर अवैध कब्जे के कारण यह सड़क वर्षों से अधर में लटकी थी। रसूलपुर गामड़ी के जागरूक ग्रामीणों ने अपने स्तर पर निशान देही करवाकर रास्ते से कब्जा हटवाने की मुहिम चलाई। इसके लिए लगातार तीन साल तक कोर्ट में कानूनी लड़ाई लड़ी गई। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क के अभाव में उन्हें कई परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। बरसात के मौसम में रास्ता कीचड़ से भर जाता था, जिससे वाहन और पैदल यात्रियों को काफी दिक्कतें होती थीं। अब सड़क बनने के बाद किसानों को अपनी फसल मंडियों तक ले जाने में आसानी होगी और स्कूल जाने वाले बच्चों को भी राहत मिलेगी।

### ग्रामीणों को मिलेंगी ये सुविधाएं

- ▶▶| 1. किसानों को फायदा: अब फसल को आसानी से मंडियों तक ले जाया जा सकेगा।
- ▶▶| 2. छात्रों और कामकाजी लोगों को राहत: अब उन्हें खराब रास्तों से नहीं गुजरना पड़ेगा, जिससे यात्रा का समय बचेगा।
- ▶▶| 3. जलभराव की समस्या से छुटकारा: पहले रास्ता गड्ढों से भरा रहता था, जिससे बरसात में आवागमन मुश्किल हो जाता था। अब ग्रामीणों को इस समस्या से निजात मिलेगी।
- ▶▶| 4. परिवहन और व्यापार को बढ़ावा: सड़क बनने से गांवों से शहरों तक सामान और यातायात सुगम होगा, जिससे आर्थिक गतिविधियाँ तेज होंगी।

### सरपंचों ने जताया आभार, ग्रामीणों में खुशी

रसूलपुर गामड़ी की सरपंच ममता आर्य और कवारतन के सरपंच इंद्र सिंह ने इस सड़क के निर्माण के लिए कैथल मार्केटिंग बोर्ड का आभार जताया। उन्होंने कहा कि यह सड़क ग्रामीणों के लिए बहुत जरूरी थी और इसके बनने से गांवों का विकास तेज होगा। रसलपुर की सरपंच ममता आर्य ने कहा कि यह सड़क केवल एक रास्ता नहीं, बल्कि विकास की नई उम्मीद है। वर्षों से गांववाले इस सुविधा के लिए तरस रहे थे। अब हमें उम्मीद है कि सरकार भविष्य में और भी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराएगी। सड़क निर्माण के बाद दोनों गांवों में खुशी का माहौल है। ग्रामीणों को उम्मीद है कि आने वाले समय में सरकार अन्य विकास कार्यों पर भी ध्यान देगी। इस सड़क के निर्माण से गांवों के लिए नए विकास कार्यों का रास्ता खुल सकता है और इससे स्थानीय प्रशासन की सक्रियता भी बढ़ेगी।




**कैथल।** सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते विद्यार्थी। *फोटो : हरिभूमि*

# कैथल : वार्षिकोत्सव में विद्यार्थियों ने जमाया रंग

- आरकेएसडी कॉलेज ऑफ फामेर्सी में चल रहे दो दिवसीय कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

आरकेएसडी कॉलेज ऑफ फामेर्सी में चल रहे दो दिवसीय एथलेटिक मीट एवं वार्षिक दिवस के अवसर पर दूसरे दिन महाविद्यालय के पूर्व प्रधान अनिल शोरेवाला ने मुख्य अतिथि के रूप में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संबोधन में कहा कि आर के एस डी फामेर्सी कॉलेज का हरियाणा के सभी फामेर्सी महाविद्यालय में अपना एक उत्तम स्थान है जिसका श्रेय उन्होंने प्रबंधन समिति की दूरगामी सोच एवं स्टाफ के अथक प्रयास को दिया। कार्यक्रम में आरकेएसडी महाविद्यालय की प्रबंधक समिति एवं आरवीएस के प्रधान अश्विनी शोरेवाला, आरवीएस के उप प्रधान श्याम बंसल, प्रबंधक समिति एवं आरवीएस के महा सचिव पंकज बंसल, प्रबंधन समिति के कोषाध्यक्ष सुनील चौधरी, फामेर्सी कॉलेज के डायरेक्टर प्रवीण जैन, निरंजन बंसल, अरुण सर्राफ, गौरव मंगला, राजेश गर्ग, एडवोकेट अशोक गोयल, अनिल बंसल, विकास बंसल, धर्मवीर बंसल, रमेश बंसल, प्रदीप शर्मा, अशोक भारती, अनिल पपरेजा, डॉ सत्यबीर मेहला, डॉ हरिंद्र गुप्ता, डॉ दीपक सैनी, प्रीति की गरिमामय उपस्थित ने आयोजन की खूबसूरती को और बढ़ा दिया।

**बधाई दी**

अश्विनी शोरेवाले ने अपने संबोधन में कहा कि हम हर प्रकार से फामेर्सी कॉलेज के उत्थान के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं और इसको सभी प्रकार के संसाधन उपलब्ध करवाए जा रहे हैं ताकि इसके अंदर नए कोर्स लाकर महाविद्यालय में शैक्षणिक वृद्धि की जा सके। उन्होंने इस सफल आयोजन के लिए आयोजको को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस रंगोत्सव कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हरियाणवी स्किट, हरियाणवी ग्रुप डांस, पंजाबी भांगड़ा, सामूहिक नृत्य, एकल एवं समूह गायन आदि सांस्कृतिक कार्यक्रमों का प्रदर्शन कर दर्शकों की वाहवाही लूटी। कॉलेज की प्राचार्य डॉ रश्मि मनचंदा ने आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत किया।

# पदक विजेता का किया भव्य स्वागत

- अंतराष्ट्रीय कबड्डी खिलाडी पुजा नरवाल का पाई में किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाई

अन्तरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाडी पुजा नरवाल ढुल पाई का गोल्ड जीतकर गांव में पहुंचने पर ग्राम पंचायत सहित ग्रामीणों ने जोरदार स्वागत किया गया। कबड्डी कोच शमशेर सिंह उर्फ शेरी ने बताया कि उनके गांव की बहु भारत की टीम में ईरान देश के तेरार्ईन में खेलने के लिये गई थी, जहां पर उनकी बदौलत टीम ने खेल में जीत हासिल कर गोल्ड़ प्राप्त किया है। सरपंच प्रतिनिधि नरेश ढुल ने बताया कि समय-समय पर हमारे गांव की बेटी बहु ने कबड्डी में मैच जीतकर देश ही नही अपितु देश में गांव की पहचान भी बनाई है। हमें ईरान में अपने देश, जिला तथा गांव का नाम रोशन करने पर गर्व है। इन यादों को कभी भी भुलाया नही जा सकता। उन्होंने कहा की पाई गांव अब कबड्डी हब बन चुका है। उन्होंने प्रदेश सरकार से अधुरी पड़ी खेल एकादमी को पुरा करने की मांग की है। पुजा नरवाल को मोटर साईकिलो व कारों के काफिलें के साथ डी जे की आवाज पर गांव में लाया गया। गांव में पहुंचने पर सर्व प्रथम उन्होंने बाबा बिशन पुरी मंदिर, दादा खेडा आदि में मत्था टेक का पुजा अर्चना की। उसके बाद राजकीय उच्च माध्यमिक कन्या विद्यालय में ग्राम पंचायत द्वारा भव्य स्वागत किया गया।



**पाई।** अंतरराष्ट्रीय कबड्डी खिलाडी पुजा नरवाल ढुल का स्वागत करते ग्रामीण।

# शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों से अवगत करवाया

- गोल्ड लाइफ स्कूल राजौंद में टेक्नोलॉजी शोकेस प्रोग्राम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

शिक्षा के क्षेत्र में तकनीकी नवाचारों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से गोल्ड लाइफ स्कूल राजौंद में भव्य टेक्नोलॉजी शोकेस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्कूल सक्सेस मैनेजर नितिन कुमार और सीनियर एरिया मैनेजर आदित्य शर्मा ने विशेष रूप से शिरकत की। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षकों और छात्र छात्राओं को नवीनतम शैक्षिक तकनीकों और डिजिटल लर्निंग टूल्स से परिचित कराना था। जिससे शिक्षण को अधिक प्रभावी और रुचिकर बनाया जा सके। कार्यक्रम की शुरूआत पारंपरिक दीप प्रज्वलन और सरस्वती वंदना के साथ हुई। स्कूल के प्रधानाचार्य ने सभी अतिथियों का स्वागत करते कहा कि तकनीकी युग में शिक्षा को डिजिटल रूप से समृद्ध बनाना आवश्यक है। इसके बाद,नितिन कुमार और आदित्य शर्मा ने छात्रों और शिक्षकों को आधुनिक तकनीकों से अवगत कराया। नितिन कुमार ने बताया कि कैसे डिजिटल लर्निंग टूल्स, स्मार्ट क्लासरूम और ई-लर्निंग प्लेटफार्म छात्रों के लिए शिक्षा को अधिक सुलभ और प्रभावशाली बना सकते हैं। उन्होंने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और वर्चुअल रियलिटी जैसी तकनीकों पर भी चर्चा की, जो शिक्षण को और अधिक रोचक बना सकती हैं। आदित्य शर्मा ने स्मार्ट क्लासरूम और इंटरएक्टिव टीचिंग टेक्नोलॉजी पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि किस प्रकार स्मार्ट बोर्ड, डिजिटल नोट्स और ऑनलाइन असेसमेंट टूल्स से पढ़ाई का स्तर बेहतर हो सकता है।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्कूल स्टाफ सदस्य। **फोटो : हरिभूमि**

**तकनीक अपनाएं**

शिक्षक और तकनीक का तालमेल के बारे में बताते हुए अतिथियों ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षकों को भी नवीनतम तकनीकों को अपनाना चाहिए ताकि वे छात्र-छात्राओं को आधुनिक समय के अनुरूप ज्ञान प्रदान कर सकें।

# सिग्नल तोड़कर रास्ता पार न करें

- यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने व आमजन से सद् व्यवहार करने के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

डीएसपी ट्रैफिक सुशील प्रकाश द्वारा ट्रैफिक पुलिस में तैनात कर्मचारियों की मीटिंग ली। जिसमें नियमों की अवहेलना करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ कार्यवाही करने के साथ जागरूकता अभियान चलाने की रूपरेखा भी तय की गई। ट्रैफिक पुलिस के साथ मीटिंग दौरान डीएसपी सुशील प्रकाश ने कहा कि आमजन के साथ यातायात पुलिस कर्मचारियों को नम्रतापूर्वक व्यवहार कर उनका सहयोग लेकर यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाया जाए। ट्रैफिक पुलिस कर्मचारियों को निर्देश दिए कि वह आमजन को यातायात नियमों व रोड सेफ्टी बारे विस्तार से जानकारी देकर निरंतर रूप से जागरूक भी करें। डीएसपी ने आमजन से आह्वान करते हुए कहा कि वाहन चलाते समय कभी भी जल्दबाजी में सिग्नल तोड़कर रास्ता पार न करें, क्योंकि ऐसा करने से आप दुर्घटना के शिकार हो सकते है, इसलिए ट्रैफिक सिग्नल तथा नियमों की पूरी जानकारी रखें और सदैव इनका पालन करें।



**कैथल।** डीएसपी सुशील प्रकाश अधिकारियों की बैठक लेत हुए ।

## आदर्श स्कूल जाखौली के विद्यार्थियों ने सुना नारद मुनि का किरदार



**राजौंद।** जाखौली के आदर्श सीनियर सेकेंडरी स्कूल में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।जिसमें विद्यार्थियों ने नारद मुनि के किरदार को सुना और उसकी गूढ़ शिक्षाओं को समझा। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शर्मा ने किया। इस दौरान छात्र छात्राओं को नारद मुनि के जीवन उनके संदेश और उनकी भक्ति भावना के बारे में बताया गया। वक्ताओं ने नारद मुनि की भूमिका को संस्कृति संवाद और भक्ति से जोड़ते हुए उनकी शिक्षाओं को आधुनिक जीवन में अपनाने पर बल दिया। इस दौरान प्रधानाचार्य ओमप्रकाश शर्मा ने कहा कि नारद मुनि केवल एक देव ऋषि ही नहीं बल्कि एक संवाद वाहक भी थे,जिनकी शिक्षाएं आज भी प्रासंगिक हैं। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रुचि दिखाते विभिन्न प्रश्न भी पूछे जिससे उनकी जिज्ञासा और ज्ञानवर्धन हुआ। विद्यालय प्रबंधन ने इस आयोजन की सराहना की।

# धूमधाम से मनाया होली का पर्व

- किठाना पब्लिक स्कूल में स्टाफ बच्चों ने मनाया रंगों का त्योहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजौंद

किठाना पब्लिक स्कूल, किठाना में होली का त्योहार पूरे जोश और उत्साह के साथ मनाया गया। स्कूल प्रबंधन की ओर से सभी बच्चों को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी। शिक्षकों और छात्र छात्राओं ने एक-दूसरे को रंगों से सराबोर कर इस पर्व का आनंद लिया। इस दौरान स्कूल की प्रधानाचार्या सुजाता डा. सुमन ढांडा ने सभी को होली पर्व की शुभकामनाएं दी और साथ ही सावधानी से होली खेलने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि होली प्रेम का पर्व है,जिसे सुरक्षित और पर्यावरण के अनुकूल तरीके से मनाना चाहिए। इस दौरान विधालय चेयरमैन रामफल ढांडा व एम.डी. विकास ढांडा भी कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने बच्चों को बताया कि होली का त्योहार खुशियों का प्रतीक है और साथ ही चैयरमेन रामफल ढांडा ने कहा कि होली भाईचारे का प्रतीक है। बच्चों के लिए खास गतिविधियों का आयोजन किया, जिसमें रंगोली प्रतियोगिता, होली के गीतों पर नृत्य किया।



**राजौंद।** कार्यक्रम में भाग लेते हुए विद्यार्थी व स्टाफ सदस्य।

## चेयरपर्सन बनी हेमलता सैनी खुशी मनाती



**कैथल।** नवनियुक्त चेयरपर्सन बबली गोस्वामी प्रमाण पत्र हासिल करते हुए व जशन मनाते जीती हुई चैयर पर्सन।



**कैथल।** कलायत से चेयरमैन बने अंकित जैलदार को प्रमाण पत्र सौपते चुनाव अधिकारी।



**कैथल।** चेयरपर्सन बनी हेमलता सैनी अपने पति व समर्थकों के साथ।



**कैथल।** पूंडरी से चेयरपर्सन बनी बबली गोस्वामी को प्रमाण पत्र सौपते चुनाव अधिकारी।



**कैथल।** सीवन चेयरपर्सन बनी हेमलता सैनी को प्रमाण पत्र सौपते चुनाव अधिकारी ।

**खबर संक्षेप**

### एनआईआईएलएम विवि में मनाया होली पर्व

**कैथल।** एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय कैथल में होली पर्व के अवसर पर होली फेस्ट का आयोजन किया गया। होली फेस्ट में मुख्य अतिथि के रूप में विश्वविद्यालय कुलसचिव डॉ राजीव दहिया ने शिरकत की एवं अपने संबोधन में कहा कि होली खुशियों एवं रंगों का त्यौहार है जो हमें जीवन में बिना किसी भेदभाव के आपस में मिलजुल कर रहने की प्रेरणा देता है, इसलिए यह उत्सव हमें सभी गिले शिकवे भुलाकर धूमधाम से मनाना चाहिए।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय प्रांगण में छात्र-छात्राओ, शिक्षक एवं गैर शिक्षक स्टाफ सदस्यों ने बड़े ही हर्षोउल्लास के साथ रंगों का त्यौहार एक दूसरे को गुलाल का तिलक लगाकर मनाया।

### एडीसी ने किया नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण

**कैथल।** अतिरिक्त उपायुक्त बाबू लाल करवा की अध्यक्षता में जिला स्तरीय नशा मुक्ति कमेटी द्वारा जिला के विभिन्न नशा मुक्ति केंद्रों का निरीक्षण किया। निरीक्षण में स्टाफ डयूटी पर उपस्थित पाया गया तथा दवाईयों का स्टॉक भी सही मिला। मनोरोग एवं नशा मुक्ति केंद्र चीका, अजीमगढ़ स्थित आदर्श मुक्ति केंद्र, समर्थ नशा मुक्ति केंद्र व मनो आधार नशा मुक्ति केंद्र, निर्वाण मनोरोग एवं नशा मुक्ति केंद्र चीका, दीपक नशा मुक्ति केंद्र चीका, गुरू नानक चेतना फाउंडेशन ट्रस्ट द्वारा संचालित काउंसलिंग कम पुनर्वास केंद्र गुहला, ब्राइट फ्यूचर जन कल्याण ट्रस्ट द्वारा संचालित काउंसलिंग कम पुनर्वास केंद्र चीका का निरीक्षण किया गया।

### 22 गोवंश के साथ ट्रक को पकड़ा, केस दर्ज

**कलायत।** कलायत में जम्मू-कटरा एक्सप्रेस वे पर गौवंश तस्करी का मामला सामने आया है। बचाव टीम का आरोप है कि जब गोरक्षा दल ने इसे रोकने का प्रयास किया तो गोवंश तस्करी में शामिल चालक व परिचालक ने बचाव दल पर न केवल वाहन चढ़ाने का प्रयास किया बल्कि जख्मी कर डाला। गांव खरक पांडवा निवासी राजू की शिकायत पर चालक व परिचालक के खिलाफ पशु क्रूरता सहित विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है। थाना प्रबंधक जय भगवान सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह 4 बजे घटना की सूचना मिलते ही पुलिस जांच अधिकारी विनोद कुमार मौके पर पहुंचे। जांच-पड़ताल में वाहन में 22 गाएं भरी गई थी।

### जल्द आवारा पशु मुक्त होगा नरवाना शहर

**नरवाना।** शहर में पिछले काफी दिनों से आवारा पशुओं का आतंक छाया हुआ था आए दिन शहर की मुख्य सड़कों व गलियों में इन पशुओं के वजह से हादसे हो रहे थे आवारा पशु आपस में लड़ते थे जिससे काफी लोगों को चोटे आई और शहर में काफी नुकसान हुआ। नरवाना वेलफेयर मंच व अमित वर्मा के प्रयास से नरवाना शहर को बहुत जल्दी आवारा पशुओं से छुटकारा मिल जाएगा काफी संख्या में इन आवारा पशुओं को नप की एक खाली पड़ी जमीन में इकट्ठा किया गया है वहां पर नरवाना वेलफेयर मंच व अमित वर्मा मिलकर इनकी देखरेख का कार्य करेंगे।

# होली पर्व को लेकर पुलिस मस्तैद, छेड़छाड रोकने को लेकर अलर्ट पर महिला थाना पुलिस, असामाजिक तत्वों पर रहेगी विशेष निगाह

**जिले में 25 से अधिक स्थान पर लगाए गए हैं पुलिस नाके**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

एसपी राजेश कुमार ने कहा कि होली पर आपसी भाईचारा बनाएं रखें और इस पर्व को शांतिपूर्वक व सुरक्षित तरीके से मनाएं। शरारती तत्वों व आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने वालों के लिए कड़ी चेतावनी है कि वे किसी भी प्रकार की शरारत, हुल्लड़बाजी एवं आपराधिक गतिविधि ना करें और निगरानी हेतु संवेदनशील इलाकों पर पुलिस की विशेष नाकाबंदी व ड्यूटी तैनात रहेगी। इस दौरान सभी क्षेत्र में पुलिस की मौजूदगी रहेगी और पुलिस की राइडर तथा पैदल गश्त पार्टी भी गश्त करते हुए मौजूद रहेगी। इस मौके पर किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधि पाई जानें पर सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

अर्जुन स्टेडियम, रेलवे जंक्शन पर व अन्य स्थानों पर जहां भी होलिका दहन होगा। एक डीएसपी सहित थाना प्रभारी पुलिस फोर्स के साथ तैनात रहेंगे। जेब कतरों पर पुलिस सादे कपड़ों में तैनात रहकर नजर रखेगी। सार्वजनिक स्थलों पर पुलिस मुस्तैद रहेगी। शराब पीकर गाडी चलाने वालों के विरुद्ध नियमानुसार कडी कार्यवाही की जाएगी।

**खास बातें**

- शहर में अर्जुन स्टेडियम, रेलवे जंक्शन पर व दूसरे अन्य स्थानों पर जहां भी होलिका दहन होगा
- संवेदनशील क्षेत्रों व असामाजिक तत्वों पर रहेगी पुलिस की विशेष नजर

### होली पर संवेदनशील इलाकों में की जाएगी विशेष नाकाबंदीः एसपी

**हुड़दंगबाजी या विवाद हुआ था थाना प्रभारी होंगे जिम्मेदार**

हुड़दंग की सूचना पर पुलिस पांच मिनट के अंदर मौके पर होगी। इसके लिए बाकायदा डायल 112 व गश्त टीम को 24 घंटे अलर्ट रहने के भी निर्देश दिए गए हैं। अगर प्रबंधों के बावजूद भी हुडदंगबाजी हुई तो संबंधित थाना प्रभारी इसके जिम्मेदार होंगे। होली पर्व को लेकर पुलिस ने बाजारों में भी सुरक्षा बढ़ा दी है। धुल्हंडी के दिन कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने के लिए जिला में प्रभावी रूप से नाकाबंदी व गश्त की जाएगी। जिला में अलग-अलग स्थानों को चिन्हित करते हुए 25 से अधिक जगहों पर नाकाबंदी की जाएगी। प्रत्येक नाका पर सात जवान तैनात रहेंगे व 50 राइडर गश्त करेंगी। जिले की सभी क्राइम युनिट भी पूरे जिले में गश्त करेंगी। वहीं महिला कॉलजों के बाहर गश्त बढ़ा दी गई है और मनचलों को लेकर पुलिस सख्त हो गई है।


एसपी राजेश कुमार।

**शांति व सुरक्षा प्राथमिकता**

एसपी ने साफ कहा है किसी भी सूरत में छेड़छाड की घटना को बर्दाशत नहीं किया जाएगा। महिला थाना प्रभारी को भी खास निर्देश दिए हैं। कॉलेज व अन्य महिलाएं संबंधी स्थानों पर सादी वर्दी में भी पुलिस को नजर रखने को कहा गया है। अधिक से अधिक महिला पुलिस कर्मियों को अपने-अपने क्षैत्र में शांति सुरक्षा तथा कानून एवं व्ययस्था बनाए रखने हेतू डयुटी पर नियुक्त किया जाएगा पैदल व पीसीआरए राइडर नियुक्त की जाएगी।

**दूसरों का करें सम्मान**

पुलिस अधीक्षक राजेश कुमार ने कहा कि होली के इस अवसर को शांतिपूर्वक तरीके से व सुरक्षित मनाएं। होली की इस पावन अवसर ट्रैफिक नियमों की पालना करें। सावधानी में सुरक्षा है। शराब पीकर वाहन न चलाएं, मोटर साइकिल चालक बिना हेलमेट व ट्रिपलिंग राइडिंग आदि न करें, हुड़दंग न मचाएं और कानून व्यवस्था को बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। उन्होंने नागरिकों से रंगों के त्यौहार को मनाते समय दूसरों की भावनाओं का सम्मान करने और उनकी संवेदनशीलता को ठेस न पहुंचाने की भी अपील की है।

## हंगामे की भेंट चढ़ी नगर परिषद हाउस की बैठक

# प्रधान नहीं ईओ करें चेयर विपक्ष ने किया बहिष्कार

**वार्ड नंबर 18 से पार्षद रामनिवास मित्तल ने कहा, बहिष्कार कोई समाधान नहीं, पार्षद अपने वार्डों में काम करवाने की उठाएं अपनी आवाज**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। नगर परिषद की हाउस की बैठक में हंगामा करते पार्षद। फोटो : हरिभूमि

नगर परिषद हाउस की बैठक में विपक्ष के पार्षदों ने हंगामा किया। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि बैठक चेयरपर्सन की अध्यक्षता में नहीं होकर एओ राजेंद्र की अध्यक्षता में हो। अगर ऐसा नहीं होता तो वे बहिष्कार करेंगे।
जब बैठक एओ की अध्यक्षता में नहीं हुई तो विपक्षी पार्षद बहिष्कार कर बैठक से बाहर चले गए। विरोध करने वालों में वार्ड नंबर 11 से पार्षद सुशीला शर्मा, वार्ड नंबर 6 से पार्षद प्रीति शर्मा, वार्ड नंबर 2 से पार्षद वर्मा, वार्ड नंबर 21 से पार्षद अनिल खुरानिया, वार्ड नंबर 4 से पार्षद महेश गोगिया, वार्ड नंबर 25 से पार्षद विनस गुप्ता, और वार्ड नंबर 31 से पार्षद विकास कुमार शामिल रहे। कहा कि उनकी सुनवाई नहीं हो रही है। वे इस बारे में उच्चाधिकारियों से मिलेंगे और अदालत की भी शरण लेंगे।

**पार्टीबाजी छोड़ शहर के विकास की सोचें**

वार्ड 18 से पार्षद और पूर्व चेयरमैन रामनिवास मित्तल ने अपनी बात रखते हुए कहा कि उन्होंने भी पांच साल चेयरमैन रहते हुए यह सदन चलाया है। पार्षद यहां भाजपा और कांग्रेस की बात न कर शहर के विकास की बात करें। बहिष्कार करना किसी बात का समाधान नहीं है, पार्षद वार्डों में जो काम नहीं हो रहे हैं या आगे होने हैं, उनकी बात करें। वार्ड 15 से पार्षद शमशेर फौजी ने कहा कि बैठक का बहिष्कार करने के बजाय पार्षद अपने-अपने वार्डों में चेयरपर्सन सुरभि के साथ मिलकर काम करवाए।

**विपक्षी पार्षदों के बहिष्कार के बाद भी चली बैठक, कोरम पूरा होने का किया दावा**

नगर परिषद हाउस की बैठक का विपक्ष के पार्षदों द्वारा विरोध करने के बाद पार्षदों ने बैठक की। इस बैठक के लिए पार्षदों का कोरम पूरा रहा। पार्षदों ने बैठक शुरू होने के बाद न केवल अपने-अपने वार्डों के मुद्दे उठाए, बल्कि सामूहिक समस्या पर भी अपनी बात रखी। पार्षदों ने शहर की सफाई व्यवस्था के साथ-साथ आवारा कुत्तों पर लगाम लगाने की बात रखी। वार्ड नंबर 10 से पार्षद रोहन मित्तल ने कहा कि वार्ड में आवारा कुत्ते ज्यादा होने के कारण लोगों को दिक्कत आ रही है। इस पर लगाम लगाई जाए। वार्ड नंबर 16 से पार्षद रामफल ने वार्ड में पानी व सीवरेज व्यवस्था की बात रखी। वार्ड नंबर 14 से पार्षद दीपक शर्मा ने पुराना बाइपास के निर्माण की मांग रखी।

**पूरे शहर में हो रहा एक समान विकास**

नगर परिषद चेयरपर्सन सुरभि गर्ग ने कहा कि पार्षद हंगामा करने की बजाए शहर व अपने वार्डों के विकास की बात करें। सभी वार्डों में समान रूप से विकास कार्य चल रहे हैं। किसी भी पार्षद के साथ कोई भेदभाव नहीं हो रहा है। बहिष्कार करना किसी बात का समाधान नहीं है। पार्षद एकजुटता के साथ शहर के विकास की बात करें।

# निकाय चुनावः भाजपामय हुआ प्रदेश

- प्रदेश में कांग्रेस व अन्य किसी दल का नहीं बचा कोई जनाधार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। खुशी मनाते हुए कर्मवीर सैनी। फोटो : हरिभूमि

हरियाणा कॉन्फेड के चेयरमैन एवं भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता कर्मवीर सैनी ने कहा कि स्थानीय निकाय चुनाव के परिणाम से यह अब स्पष्ट हो गया है कि पूरा प्रदेश भाजपामय हो गया है और हरियाणा में भाजपा के सिवाय किसी अन्य किसी दल का कोई जनाधार नहीं बचा है। शहर की जनता ने अपने वोट के रूप में भाजपा को जो अपार स्नेह, समर्थन व आशीर्वाद दिया है। इससे अब ट्रिपल इंजन की सरकार में प्रदेश का चहुंमुखी विकास बड़ी तेज गति पकड़ेगा। कॉन्फेड चेयरमैन कर्मवीर सैनी बुधवार को निकाय चुनाव घोषित होने के बाद जींद में कार्यकर्ताओं के साथ भाजपा की जीत की खुशी मना रहे थे। केंद्र व राज्य के बाद शहरी सरकार में भी भाजपा ने ऐतिहासिक जीत प्राप्त की है। प्रदेश की जनता ने मुख्यमंत्री की लोकप्रियताए विकास व विश्वास पर मुहर लगाने का काम किया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के विशाल व्यक्तित्व की जीत हुई है। भाजपा सरकार सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास की नीति पर चलते हुए हरियाणा को विकास और सुशासन की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने लिए पूरी तरह से संकल्पबद्ध है।

## अपनी सरकार के मंत्री पर भड़के भाजपा के कार्यकर्ता

- विस में भाजपा नेताओं के बीच छींटाकशी का मामला



सफीदों। मंत्री डा. अरविंद शर्मा के खिलाफ प्रदर्शन करते लोग।

**सफीदों।** हरियाणा विधानसभा में कैबिनेट मंत्री डा. अरविंद शर्मा द्वारा सफीदों के भाजपा विधायक रामकुमार गौतम पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के विरोध में सफीदों क्षेत्र के लोगों ने नगर के नहर पूल पर प्रदर्शन व नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने मंत्री डा. अरविंद शर्मा का इस्तीफा मांगा और विधायक रामकुमार गौत्तम से माफी मांगने की मांग की। तो किसी का कहना था कि डाक्टर शर्मा माफी मांगें। इस मौके पर मौजूद सफीदों जिला बनाओ समिति के प्रधान सुभाष जैन, भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष कविता शर्मा, पिछड़ा वर्ग के नेता सत्यवान सैन व रामफल कश्यप, कर्मकांडी ब्राह्मण सभा के प्रतिनिधि संजीव गौतम, पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष सतबीर शर्मा, सामाजिक संस्था कौशिश के प्रतिनिधि विनोद कौशल, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री प्रमोद गौत्तम, नवीन भम्भेवा शामिल रहे।

## कार्यकर्ताओं ने खेली फूलों के साथ होली

**जींद।** अपोलो रोड स्थित हनुमान मंदिर में विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को अनेकों भक्तगणों सहित होली मिलन का कार्यक्रम किया। कार्यक्रम में गरिमामय राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला प्रचारक मुरारी की रही। समरसता के पर्व होली का महत्व एवं प्रयोजन जिला समरसता प्रमुख लाभ सिंह ने विस्तारपूर्वक उपस्थित भक्तगणों से सांझा किया। सत्संग प्रमुख दिनेश ने परिषद् अचार पद्धति के साथ भजनों एवं राष्ट्रभक्ति गीतों से उपस्थित भक्तगणों को परिषद एवं उसके मानदंडों से अवगत कराया। योगाचार्य सूर्य देव ने भक्ति के साथ योग को अपनाने का आह्वान किया। हनुमान आरती के बाद भक्तों को प्रसाद दिया।

## मोहम्मद खेड़ा के पीएमश्री राजकीय उच्च विद्यालय में वार्षिकोत्सव मनाया




**जींद।** पीएम श्री राजकीय उच्च विद्यालय मोहम्मदखेड़ा में वार्षिकोत्सव एवं वार्षिक खेल दिवस धूमधाम से मनाया गया। खेल दिवस पर 100 मीटर रेस, 200 मीटर रेस, 400 मीटर रेसए लांग जंप, हाइ जंप आदि प्रतियोगिताएं आयोजित हुई। इन प्रतियोगिताओं के विजेताओं को वार्षिकोत्सव में पुरस्कृत किया गया। वार्षिकोत्सव में बच्चों ने राजस्थान का घूमर नृत्य और गुजरात का लोकगीत गरबा व हरियाणवी, पंजाबी लोकगीतों पर नृत्य किया। समारोह में मुख्यअतिथि के तौर पर बीओ पिल्लुखेड़ा किरणबाला ने समारोह में होने वाले सभी कार्यकर्मों की प्रशंसा की और सभी शैक्षिण, सांस्कृतिक व खेल पुरस्कार वितरित किए। इस अवसर पर गांव के सरपंच रामपाल, सभी एसएमसी स्टाफ मैम्बर्स व स्टाफ सदस्य उपस्थित थे।

## तीसरा दिनः 5 टीमों के बीच मुकाबले

- जीत के लिए टीम के खिलाड़ी जमकर बहा रहे पसीना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। मुकाबलों में दम दिखाती टीमें। फोटो : हरिभूमि

चौधरी रणबीर सिंह विश्वविद्यालय में अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय महिला कबड्डी सर्कल स्टाइल प्रतियोगिता का तीसरा दिन कई टीमों के बीच मुकाबले हुए। खेल निदेशक डा. नरेश देशवाल ने बताया कि आज सुबह पहला मैच सीआरएसयू जींद व गोंडवाना यूनिवर्सिटी महाराष्ट्र के बीच हुआ। इसमें सीआरएसयू जींद 30-10 के स्कोर से विजेता रही। दूसरा मैच बीपीएस खानपुर व एमडीयू रोहतक के बीच रहा। जिसमें बीपीएस खानपुर 42-20 के स्कोर से विजेता रही। तीसरा मैच चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी सिरसा व सीआरएसयू जींद के बीच रहा। जिसमें सीआरएसयू जींद 46-32 के स्कोर से विजेता रही। चौथा मैच चौधरी देवी लाल यूनिवर्सिटी सिरसा व बीपीएस खानपुर के बीच रहा। जिसमें सीडीएलयू सिरसा 33-27 के स्कोर से विजेता रही। पांचवां मैच एमडीयू रोहतक व सीआरएसयू जींद के बीच रहा। सीआरएसयू जींद 39625 के स्कोर से विजेता रही। बुधवार को सेवानिवृत्त डीएसओ मन्नीराम ने मुख्यातिथि के तौर पर शिरकत की। उन्होंने कहा कि कबड्डी खेलने से महिलाओं में आत्मरक्षा की तकनीक और आत्मनिर्भरता की भावना विकसित होती है।

## एसडीएम की अध्यक्षता में हुई नगर परिषद की बैठक


नरवाना। बैठक की अध्यक्षता करते हुए।

**नरवाना।** एसडीएम जगदीश चंद्र की अध्यक्षता में एनएचएआईए नगर परिषद तथा जन स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई। बुधवार को स्थानीय लघु सचिवालय स्थित एसडीएम कार्यालय में बुलाई गई इस बैठक में एसडीएम द्वारा यातायात सुगमता के मध्यनजर एनएचएआई के अधिकारियों को प्राधिकरण के अंतर्गत निर्धारित सभी सड़क निर्माण मापदंडों को पन्द्रह दिन के अंदर पूरा करने के निर्देश दिए गए। बैठक में कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि के तौर पर उनके बेटे करण प्रताप बेदी तथा निजी सहायक जसवीर नैन ने भी विशेष रूप से हिस्सा लिया। एसडीएम ने सड़क सुरक्षा निर्माण मापदंडों व अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर सिलसिलेवार चर्चा की व सड़क पर सफर करने वाली आम जनता व वाहन चालकों को आ रही सभी प्रकार की समस्याओं को दूर करने के लिए कहा। सड़क पर जगहण-जगह हो रहे गड्ढों तथा अवैध कटों के कारण सड़क हादसे हो रहे हैंए संबंधित विभाग इसे गंभीरता से लेते हुए सभी गड्ढों को तुरंत भरवाना व अवैध कटों को बंद करना सुनिश्चित करें।

# फागः दोपहर तक बंद रहेंगी बसें

- असामाजिक तत्वों द्वारा बसों को नुकसान पहुंचाने की आशंका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद



फाग पर्व पर असामाजिक तत्वों की ओर से बसों को नुकसान पहुंचाने की आशंका रहती है। इसके कारण रोडवेज ने शुक्रवार को दोपहर बाद बसों का संचालन करने का निर्णय लिया है। वहीं वीरवार को होली के दिन यात्रियों को किसी तरह की कोई परेशानी नही हो, इसके लिए रोडवेज की ओर से बसों का संचालन सुचारू रूप से जारी रहेगा। आमतौर पर जींद से अल सुबह चंडीगढ़, हरिद्वार, मथुरा, पटियाला, लुधियाना जैसे लंबे रूट पर बस निकलती है। जबकि इसके बाद भिवानी, रोहतक, कैथल, हिसार, कुरुक्षेत्र जैसे लोकल रूट पर बस चलती है। जींद डिपो में इस समय 168 बस ऑनरूट हैं। जिसमें किलोमीटर स्कीम की 37 बस शामिल हैं। डिपो की बसों में हर रोज लगभग 15 हजार यात्री सफर करते हैं। जिससे एक दिन में डिपो को दस लाख रुपये से ज्यादा का राजस्व प्राप्त होता है।

**सुरक्षा के चलते लिया फैसलाः जीएम**

जींद डिपो के महाप्रबंधक राहुल जैन ने बताया कि शुक्रवार को फाग है। इस दिन कुछ शरारती तत्वों द्वारा बसों को नुकसान पहुंचाने की संभावना रहती है। इस कारण फाग वाले दिन बसों का संचालन बाधित रहेगा। अगर जरूरत पड़ी तो फाग वाले दिन दोपहर बाद बसों का संचालन किया जा सकता है। हालांकि फाग वाले दिन सभी लोग त्योहार मनाते हैं तो बसों का संचालन करने की शायद जरूरत नहीं पड़े।

**औचक निरीक्षण** नकल रहित, पारदर्शी व शांतिपूर्ण परीक्षा करवाना पहली प्राथमिकताः वाइस चेयरमैन

# एचएसईबी के डिप्टी चेयरमैन ने किया परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण

**परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी व सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड की वार्षिक परीक्षाएं सुचारू रूप से संचालित कराने के लिए हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड लगातार सक्रिय है। मंगलवार को हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड के नवनियुक्त उप चेयरमैन सतीश कुमार ने जिला के लगभग आधा दर्जन परीक्षा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया और परीक्षा एवं सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। शिक्षा बोर्ड के उपाध्यक्ष सतीश कुमार ने निरीक्षण के दौरान परीक्षा केंद्रों में सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी, खिड़कियों में लगी जालियां, परीक्षा केन्द्र के आसपास अनावश्यक रूप से जमा भीड़ व अन्य व्यवस्थाओं की बारीकी से जांच की गई। डयूटी पर तैनात अधिकारियों को जरूरी दिशा निर्देश देते हुए कहा कि बोर्ड परीक्षाओं को नकल रहित करवाना हम सब की जिम्मेदारी है। उन्होनें बताया कि सुनिश्चित होगा।


जींद। कॉपी जांचते हुए वाइस चेयरमैन सतीश।

**इन केन्द्रों का किया निरीक्षण**

बोर्ड के नवनियुक्त उपाध्यक्ष सतीश कुमार ने अपने निरीक्षण दौरे के दौरान राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढिगाना, खरकरामजी, धमतान साहिब, उझाना तथा कन्या गुरुकुल खरल समेत लगभग आधा दर्जन गांवों के स्कूलों में बने परीक्षा केंद्रों का औचक निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष ने खरकरामी गांव के स्कूल में बने परीक्षा केंद्र में कंप्यूटर रूप को परीक्षा के दौरान बंद रखने के निर्देश दिए। इसी प्रकार उझाना गांव के स्कूल में प्रथम तल पर बने परीक्षा केंद्र के पास रखी किताबों को भूतल पर दूर रखने के निर्देश दिए।